सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 300 | इंदौर, सोमवार 13 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **CBSE 12th Results Out: सीबीएसई 12वीं कक्षा के रिजल्ट घोषित, 87.98 फीसदी बच्चे हुए पास, लड़कियां फिर आगे**
2. **PM Modi Bihar: तख्त श्री हरमंदिर साहिब में पीएम मोदी ने टेका मत्था, लंगर में सेवा भी की**
3. **Election 2024: चौथे चरण में बिहार के छह दिग्गज खुद को नहीं करेंगे वोट, दो नई दुल्हनों में से एक दिल्ली की वोटर**
4. **Jaipur News: नोएडा के बाद जयपुर के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, ब्लास्ट की बरसी पर आए ईमेल**
5. **Bengal: मतदान के दौरान पश्चिम बंगाल में सामने आईं हिंसा की घटनाएं, बीरभूम-दुर्गापुर में BJP-TMC के बीच झड़प**
6. **PM Modi Varanasi Roadshow: 22 घंटे काशी में रहेंगे पीएम, चार घंटे में पूरा होगा पांच किमी लंबे रोड शो का सफर**

# एमपी की 8 सीटों पर मतदान को लेकर उत्साह

**11 बजे तक 32.38 प्रतिशत वोटिंग, उज्जैन में पीठासीन अधिकारी को हटाया**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मध्यप्रदेश की 8 सीटों पर सोमवार सुबह 11 बजे तक 32.38 प्रतिशत वोट पड़े। इंदौर में कांग्रेस कैंडिडेट के नाम वापस लेने के बाद कम वोटिंग की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती दिख रही है। यहां सबसे कम 25.01 प्रतिशत मतदान हुआ है। इंदौर के अलावा उज्जैन, देवास, रतलाम, मंदसौर, धार, खरगोन और खंडवा में वोटिंग हो रही है। सबसे ज्यादा 35.83त्न वोटिंग देवास में हुई है।**

उज्जैन के वार्ड-37 के बूथ की पीठासीन अधिकारी आरती को कलेक्टर ने हटा दिया है। आरोप है कि वे वोटर्स को एक पार्टी के लिए वोट देने का कह रही थीं। कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार उनके खिलाफ धरने पर बैठ गए। इसके बाद कलेक्टर ने एक्शन लिया। नीमच और आगर में कुछ जगह वोटरों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। इंदौर में कांग्रेस ने कुछ बूथों पर नोटा का टेबल लगाया है।

रतलाम शहर में एक बूथ पर ईवीएम खराब होने से भाजपा नेता नाराज हो गए। इंदौर में वोट डालने वालों को 56 दुकान में फ्री नाश्ता कराया जा रहा है। धार के मनावर में आंधी और बारिश से एक बूथ का टेंट गिर गया। उज्जैन में बच्चों ने मलखंभ कर वोटिंग की अपील की। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

### मतदान का बहिष्कार

उज्जैन जिले के घट्टिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत गांव गुराडिय़ा गुर्जर में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। अभी तक एक भी मतदाता नहीं वोट डालने नहीं पहुंचा। वोट नहीं डालने का कारण बताया कि नर्मदा सिचाई लाइन नहीं आई और स्कूल बिल्डिंग जर्जर है। एसडीएम राजाराम करजरे व तहसीलदार प्रकाश परिहार मौके पर ग्रामीणों को समझाइश देने पहुंचे हैं।

### महेश्वर में 105 साल की सरजू ने डाला वोट

खरगोन लोकसभा क्षेत्र की महेश्वर विधानसभा में जनपद पंचायत मतदान केंद्र पर 105 वर्षीय सरजू बाई पति रामचंद्र यादव ने मतदान किया। खरगोन लोकसभा क्षेत्र की महेश्वर विधानसभा में जनपद पंचायत मतदान केंद्र पर 105 वर्षीय सरजू बाई पति रामचंद्र यादव ने मतदान किया। शुजालपुर में 92 वर्षीय प्रेम नारायण गुप्ता ने श्री राम चंद्र चौबे स्मृति शिक्षा निकेतन में वोट किया।

### शिक्षक के दोनों पैर और एक हाथ नहीं, खुद गाड़ी चलाकर वोट डालने पहुंचे

शाजापुर में दिव्यांग शिक्षक सिद्धनाथ वर्मा ने दोनों हाथ और एक पैर नही होने के बावजूद भी मतदान में हिस्सा लिया। पैरों के सहारे चुनावी प्रक्रिया पूर्ण कर ईवीएम का बटन दबाया और मतदान के इस महापर्व में भाग लिया। शिक्षक वर्मा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित है और हाथ नहीं होने पर अपने सभी काम पैरों से करते हैं। पैरों से ही खुद अपना तीन पहिया वाहन चलाते है और इन्हीं से लिखते भी हैं। शाजापुर में दिव्यांग शिक्षक सिद्धनाथ वर्मा के दोनों हाथ और एक पैर नहीं हैं। पैर के सहारे चुनावी प्रक्रिया पूरी की और ईवीएम का बटन दबाया। शिक्षक वर्मा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हैं। पैरों से ही खुद अपना तीन पहिया वाहन चलाते हैं और इन्हीं से लिखते भी हैं।

### 8 सीटों के 74 कैंडिडेट में महिलाएं सिर्फ 5

चौथे चरण की 8 साटों के कुल 74 उम्मीदवारों में से 69 पुरुष और 5 महिलाएं चुनावी मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 14 उम्मीदवार इंदौर में और सबसे कम 5 खरगोन में हैं। देवास, मंदसौर, इंदौर, खरगोन और खंडवा में कोई महिला उम्मीदवार नहीं हैं। इन आठ लोकसभा सीटों में 16 जिलों के 64 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

# जयघोष के साथ निकली भव्य मंगल शोभा यात्रा

## आचार्य शंकर जयंती पालकी में विराजे शंकर,नगर में विभिन्न स्थानों पर हुई पुष्पवर्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आचार्य शंकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित पंच दिवसीय आचार्य शंकर प्रकटोत्सव के चतुर्थ दिवस में शंकर जयंती पर नगर में साधु संतो, नगरवासियों की उपस्थिती में भव्य मंगल शोभा यात्रा निकली।**

पालकी में आचार्य शंकर को विराजमान कर यात्रा एकात्म धाम से शंकराचार्य तिराहा, जेपी चौक होते हुए गुरु गुफा में पूजन उपरांत मार्कण्डेय संन्यास आश्रम में समाप्त हुई। नगर में विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों में पुष्पवर्षा, आरती कर स्वागत किया। यात्रा में नगर के महामंडलेश्वर विवेकानंद पुरी, महामंडलेश्वर नर्मदानंद बापजी,महामंडलेश्वर प्रणवानंद सरस्वती, स्वामी मस्त गिरि सहित संतजन विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

**जो काम साधु संतो को करना था वह मप्र सरकार ने किया - युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि**- शाम को ब्रम्होत्सव में मुख्य अतिथि अखंड परम धाम, हरिद्वार के संस्थापक युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि महाराज शामिल हुए,उन्होंने कहा कि हम सन्यासियों का सौभाग्य है कि सरकार के प्रयासों से भगवान शंकर के ज्ञान को जन- जन तक पहुंचाने के लिए ओंकारेश्वर में एकात्म धाम का निर्माण किया जा रहा है। जो काम साधु संतो को करना था वह मप्र सरकार ने किया। स्वामी जी ने बताया आचार्य शंकर ने केवल बाहरी मंदिर ही नही बल्कि हमारे मन मंदिर को मजबूत बनाने के लिए श्रम किया। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण की भावना से मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग ने आचार्य शंकर के शाश्वत अद्वैत वेदांत के सिद्धांत के लोकव्यापीकरण का जो किया वह प्रशंसनीय है

कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर नर्मदानंद बापजी ने की। सारस्वत वक्ता प्रो रामनाथ झा ने कहा कि जहा अनुभव भी बात होती है वहा गुरु की आवश्यकता होती है, जो अनुभव न बदले वहा सत्य है जो अनुभव बदल जाए वो मिथ्या । प्रो झा ने जगदीश चंद बसु का उदहारण बतलाते हुए वेदांत और विज्ञान के संबंध पर प्रकाश डाला।साथ ही आचार्य शंकर के स्तोत्र में वर्णित जननी के योगदान के महत्व व पुत्र का माता के प्रति कर्तव्य बोध करवाया।

ज्ञात हो कि ओंकारेश्वर में 108 फीट की आचार्य शंकर की प्रतिमा की स्थापना के साथ ही कार्यक्रमों का आयोजन न्यास द्वारा किया जा रहा है, शंकर जयंती के अवसर पर राजधानी भोपाल में भी शंकर प्रकटोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया , जिसमें द्वारिका शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी महाराज, जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज भी शामिल हुए ।

# व्यवस्थाओं से अभिभूत रहे मतदानकर्मी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम के आयुक्त श्री शिवम वर्मा और अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देशन में की गई व्यवस्थाओं से मतदानकर्मी बेहद अभिभूत और उत्साहित दिखायी दिये। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए हमने जो चिंता रखी थी, वह निरर्थक साबित हुई।**

सामग्री वितरण स्थल पर पहुंचकर एक अलग ही अनुभव महसूस हुआ। पहुंचते ही हमें ठण्डी छाछ, केरी का पना और लगातार पीने के लिए ठण्डा पानी मिलता रहा। गर्मी का एहसास नहीं हो, इसके लिए हमें कूलर और पंखे की ठण्डी हवाएं भी लगातार मिलती रही। हमें टेबल पर बैठकर सामग्री और ईवीएम मिल गई। हमें बिल्कुल भी परेशानी नहीं हुई। कतार में भी नहीं लगना पड़ा और न ही इधर-उधर भटकना पड़ा। सामग्री वितरण स्थल पर बड़ी संख्या में प्याज रखे देखकर हमें एक अलग अनुभूति हुई। यह प्याज लू से बचाव के लिए हमने स्वैच्छा से लिए और अपने साथ रखे। यह कहना है मतदान सामग्री प्राप्त करने वाली प्रियंका यादव, अर्चना बघेल, सुनील सोलंकी, ओमप्रकाश शर्मा आदि मतदान कर्मियों और सेक्टर अधिकारियों श्री गोपेश पाठक, श्री पी.एस. मण्डलोई, श्री सुनील ढाका सहित अन्य अधिकारियों का।

### ट्राली और ई-रिक्शा की व्यवस्थाएं भी रही मददगार

सामग्री वितरण स्थल नेहरू स्टेडियम में मतदानकर्मियों की सुविधा के लिए पहली बार ट्राली और ई-रिक्शा की व्यवस्थाएं की गई। यह व्यवस्थाएं मतदानकर्मियों के लिए बेहद मददगार साबित हुई। मतदानकर्मियों ने मतदान सामग्री और ईवीएम प्राप्त की। वहीं उनके सामने ट्राली रखी हुई थी। उस ट्राली में उन्होंने ईवीएम सहित अन्य मतदान सामग्री सुरक्षित रूप से रखकर बेहद आसानी के साथ निर्धारित बस तक पहुंचे। इसी तरह मतदान कर्मियों को सामग्री लेकर चलने में असुविधा न हो, इसको देखते हुए ई-रिक्शा की व्यवस्थाएं की गई थी। इस वाहन में मतदानकर्मी बैठकर अपनी बसों तक पहुंचे। इस व्यवस्था की भी मतदानकर्मियों ने सराहना की।

# लव यू जिंदगी में 17 मई को समर मेनिया - मॉकटेल बनाने की स्पर्धा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महिला प्रकोष्ठ, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा अपने ह्यलव यू जिंदगीह्न कार्यक्रम के तहत ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार, 17 मई को दोपहर 3.30 बजे से विजय नगर स्थित होटल सयाजी में घरों में बनाए जाने वाले मॉकटेल निर्माण की स्पर्धा ह्यसमर मेनियाह्न का आयोजन होगा । प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम में 150 सखियों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें से 50 सखियों ने मॉकटेल बनाने में अपनी दिलचस्पी जताई है, जो अपने-अपने घरों से मॉकटेल बनाकर लाएंगी। शैफ अजय पाटनी इनमें से 9 सर्वश्रेष्ठ मॉकटेल का चयन कर प्रकोष्ठ की ओर से उन्हें पुरस्कृत करेंगे। कार्यक्रम में आने वाली सखियों के लिए ड्रेस कोड सफेद रखा गया है, जो शांति का प्रतीक माना गया है। आम्रपाली बुटिक की ओर से श्रेष्ठ तीन श्वेत वस्त्रधारी सखियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस मौके पर ग्रीष्मकाल पर आधारित तम्बोला भी खेला जाएगा, जिसके विजेताओं को भी आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन निकिता बंसल करेंगे।

# 400 से अधिक साधकों ने ली मताधिकार के प्रयोग की शपथ -

### सब वोट डालने साथ में जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा के तत्वावधान में न्यू आरटीओ रोड स्थित वरूण विक्ट्री गार्डन पर अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक मनोज गर्ग और उनकी टीम द्वारा आज से तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर 400 से अधिक साधकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने और सोमवार को योग शिविर से सीधे वोट डालने जाने का संकल्प व्यक्त किया। संगठन के संरक्षक एवं योग शिविर के प्रमुख संयोजक अरविंद बागड़ी एवं संयोजक मनीष अग्रवाल मन्नू ने बताया कि इस मौके पर योग प्रशिक्षक ने करीब 400 साधकों को योग का विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देने के साथ ही सोमवार, 13 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रजातंत्र को और अधिक सार्थक एवं मजबूत बनाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विकास मित्तल, सतीश गोयल हरसूद, दिलीप अग्रवाल पालदा, अनिल अग्रवाल सहित हाईवे क्षेत्र की 30 कालोनियों के रहवासी भी मौजूद थे। यह निश्चय भी किया गया कि सोमवार को सुबह 9 बजे सभी साधक वरूण विक्ट्री गार्डन से सीधे अपने-अपने मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थित होंगे और मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बागड़ी के अनुसार इसके पूर्व ग्रीष्मकाल की तेज धूप से बचाव के लिए सभी साधकों को सत्तू एवं छांछ का वितरण भी किया जाएगा। मंगलवार को सुबह 6.30 से 8 बजे तक निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का क्रम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगा।

# मातृ दिवस पर भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में उत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संस्था परम पूज्य रक्षक आदिनाथ वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी के सभी सदस्यों ने भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में मातृ दिवस का उत्सव मनाया। इस अवसर पर केंद्र पर पुनर्वासित इन माँओं व उनके बच्चों के साथ एक सामूहिक आयोजन किया जिसमें उनके समर्पण और प्रेम का सम्मान किया। संस्था प्रवेश की अध्यक्ष रुपाली जैन ने बताया कि पुनर्वास केंद्र में रह रही व भिक्षावृत्ति छोड़ स्वावलंबन की ओर अग्रसर माताओं के साथ मातृ दिवस पर हमने समय बिताया और उनकी कहानियों को सुना। इस अद्भुत अवसर पर हमें इन माताओं और उनके बच्चों के साथ प्यार और स्नेह बाँटकर गर्व हो रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि इसके माध्यम से हमने इन माताओं के दिलों को छू लिया है और उन्हें अपने समर्पित संघर्ष का सम्मान और सहयोग मिला है।

### स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के रूबरू कार्यक्रम के कहा प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रमुख ने...

# इंदौर में नोटा अलोकतांत्रिक ताकतों के मुंह पर करारा तमाचा होगा : नायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रीय पार्टी के उम्मीदवार को आखिरी समय में षड्यंत्रपूर्वक चुनाव से हटाना घटियावाद की राजनीति का निर्लज्ज चेहरा, धोखा और जनतंत्र के महत्व को कम करने वाला है। इंदौर के संदर्भ में नोटा को वोट नकारात्मक नहीं बल्कि राजनीति में स्वच्छता के लिए अलोकतांत्रिक ताकतों के मुंह पर करारा तमाचा होगा। नोटा का प्रावधान किया ही ऐसे अलोकतांत्रिक कदमों को रोकने के लिए किया गया था।**

यह बात स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित रूबरू कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक के कहीं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में नंबर वन इंदौर को सामाजिक एवं राजनीतिक शुचिता और स्वच्छता के लिए अपना वोट देना चाहिए। काफी खुलेपन एवं ईमानदारी से पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री नायक ने कहा कि विगत तीन दशकों में कांग्रेस मध्यप्रदेश में क्रमशः कमजोर हुई, लेकिन अब पुनर्निर्माण के दौर में है। सत्ता के लोभ में कांग्रेस से जुड़े कई खरपतवार जैसे नेता अब कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा चुके हैं तथा भाजपा के नेता ही उन्हें गीला कचरा, सूखा कचरा से लेकर मेडिकल वेस्ट जैसी संज्ञाएं दे रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने श्री सुरेश पचौरी को आधारहीन अचंभा कहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए नेताओं का दूसरे घर में सम्मान नहीं है।

राष्ट्रीय परिदृश्य पर मुकेश नायक के कहा कि पिछले दशकों में देश की राजनीति और मीडिया से देश के असली मुद्दे भूख, गरीबी, बेरोजगारी से जुड़े मुद्दे गायब कर दिए गए हैं। धर्मांधता को बढ़ावा देकर राजनीतिक दोहन किया जा रहा है। देश के भावना प्रधान होने का लाभ लेकर अल्प संख्यकों के प्रति भय पैदाकर देशवासियों को ऐसे भड़काया जा रहा है जिससे वे भूखे रहकर भी काल्पनिक छद्म युद्ध में लगे रहें। देश के प्रधानमंत्री लगातार साफ झूठ बोलते हुए मंगलसूत्र छीनने, देश के संसाधन मुसलमानों को देने, विरासत आदि को मुद्दा बनाने में लगे हैं, जिनमें से एक भी बात कांग्रेस के घोषणापत्र में है ही नहीं। इस प्रयास में भाजपा ने अपनी अभिप्राय संपदा को खोया है और अर्थ का अनर्थ कर देशवासियों को बरगलाने की कोशिश की है। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी की छबि खराब करने के हजारों करोड़ रुपए खर्च कर पार्टी के सामूहिक प्रयास का दूसरा उदाहरण विश्व राजनीति में कहीं नहीं मिलेगा। मीडिया के सेठों और उद्योग घरानों के हाथ में सिमट जाना इसका बड़ा कारण है। रामकथा और आध्यात्म के क्षेत्र से पुनः राजनीति में आने के सवाल पर उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति उनके लिए अलग अलग नहीं हैं। पूरी ईमानदारी से वैचारिक निष्ठा के साथ देश की बेहतरी के लिए की गई राजनीति भी धर्म का पालन है। मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के विषय में उन्होंने कहा कि उन्हें अभी साबित करना है कि वे सीएम मटेरियल हैं। अभी तो स्थिरता के अभाव में वे जल भ्रमर की स्थिति में हैं और अपने हाथ पर चिकोटी काटकर यकीन करने की कोशिश कर रहे हैं कि वास्तव में सीएम बन चुके हैं। श्री नायक ने ईमानदारी से स्वीकारा कि भाजपा में जहां पार्टी चुनाव लड़ती है, कांग्रेस में उम्मीदवार को ही लड़ना पड़ता है। उन्होंने यह भी स्वीकारा कि कांग्रेस को गुटबंदी के कारण बड़ा नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी पुनर्निर्माण के दौर के बाद गुटबाजी से उबरकर कांग्रेस इस स्थिति में आयेगी जब उम्मीदवार नहीं बल्कि पूरी पार्टी संगठित होकर चुनाव लडेगी।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताद्वय रवि सक्सेना, के के मिश्रा, राजेश चौकसे, गिरधर नागर, अमित चौरसिया भी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल, वरिष्ठ महासचिव नवनीत शुक्ला, सुश्री मीना राणा शाह ने किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कर वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृति कर्मी आलोक बाजपेयी ने अपनी छाप छोड़ी। क्लब के प्रकाशन वरिष्ठ पत्रकार गौरव चतुर्वेदी एवं समीर पाठक ने भेंट किए। स्मृति चिन्ह गौरव चतुर्वेदी एवं बंसी लालवानी ने भेंट किया।

# एक हाथ में शास्त्र और दूसरे में शस्त्र लेकर सृष्टि चलाई : सत्तन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जब जिंदा लोगों का चरित्र मुर्दों से ज्यादा घटिया हो जाता है, तब परशुराम जैसे ज्ञान और विज्ञान सम्मत व्यक्तित्व हमारे जीवन में आकर भक्ति, युक्ति और मुक्ति का संचरण करते हैं। जब सत्ताधीशों के मद को उतारकर जमीन पर रख दिया जाता है, जब एक हाथ में शास्त्र और दूसरे हाथ में शस्त्र लेकर सृष्टि चलाई जाती है, तब लगता है कि परशुराम का अवतरण हुआ है।**

राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन ने शनिवार रात विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास द्वारा परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित ' परशुराम यशोगाथा ' में उपस्थित शहर के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों और प्रबुद्धजन को संबोधित करते हुए यह बात कही। चार धाम मंदिर उज्जैन के अधिष्ठाता एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर स्वामी शांति स्वरूपानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजित इस आयोजन में प्रारंभ में पं. विनायक पांडे ने विषय




की प्रस्तावना रखी। डॉ. हेमंत शर्मा ने भी परशुराम के व्यक्तित्व पर उदबोधन दिया। इसके पूर्व न्यास की ओर से पं. दिनेश शर्मा, पं. देवीप्रसाद शर्मा, सुरेश शर्मा काका, राजकिशोर शर्मा, अखिलेश शर्मा, चिन्मय शुक्ला बंटी, प्रद्युम्न दीक्षित, राजेन्द्र शर्मा, आशीष मिश्रा, विनय शर्मा, डॉ. लोकेश जोशी, मयंक तिवारी, अमित नायक एवं मनोज शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन किया पं. दिनेश शर्मा ने । कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, खाटू श्याम मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपालदास एवं आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री सहित विभिन्न विप्र संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

पं. सत्तन ने कहा कि आज के दौर में बीड़ी, माचिस और दंत मंजन पर भी उनके ब्रांड की छाप लगी होती है, लेकिन विडंबना है कि आज का ब्राह्मण एक ही दिन में तीन-तीन त्यौहार मनाने के बावजूद अपना कोई ब्रांड या अपनी पहचान से ही दूर होता जा रहा है। शिखा, तिलक, धोती, कुर्ता और धर्मशास्त्रों में वर्णित मंत्रों के बारे में आज का ब्राह्मण शायद पर्याप्त समझ नहीं रखता। पं. सत्तन ने भगवान परशुराम के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं चरित्र की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान परशुराम के आदर्श स्थापित करना है तो सत्य शुचिता, दान और दया जैसे गुणों को भी धारण करना होगा। आजकल हम अपने पेट से ऊपर कुछ नहीं सोचते। परशुराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए हम जब तक भारतीय संस्कृति, गायत्री का जाप और धर्म के प्रति अपनी सुदृढ़ आस्था व्यक्त नहीं करेंगे, केवल एक दिन जुलूस निकाल लेने या परशुराम की जयंती मना लेने से हमारा ब्राह्मणत्व सार्थक नहीं बन पाएगा। गीता का पहला शब्द धर्म और अंतिम शब्द ममः है, इन दोनों को मिला लें तो ममः धर्म बन जाता है। परशुराम का यही संदेश है कि हम अपने-अपने धर्म के रास्ते पर चलते रहें तो सफलता हमारी दासी बनकर रहेगी और शास्त्र और शस्त्र के बीच समन्वय एवं संतुलन भी बना रहेगा।

## नए गौ परिसर का उद्‌घाटन

### गौ सेवकों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कैसरबाग रोड इन्दौर स्थित अहिल्या गौशाला में अंतर राष्ट्रीय संत परम पूज्य श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज के कर कमल से नए गौ परिसर का उद्घाटन हुआ एवं देवपुत्र पत्रिका के अवधेश विशेषण का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर विभिन्न गौ सेवकों एवं कार्यकतार्ओं का सम्मान किया गया। महाराज जी ने हजारों गौ प्रेमी जनता राष्ट्रीय स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए गौ माता को चलित चिकित्सालय एवं मंदिर बताया महाराज जी ने कहा कि जिस तरह से हम राम मंदिर के लिए प्रयासरत थे और उसके बारे में अच्छी बातें करते थे एक दिन राम मंदिर बना इसी तरह अगर हम गौ माता की तरक्की के लिए प्रयासरत रहेंगे एवं उसके बारे में अच्छी सोच रखेंगे तो एक दिन गौ माता पूरे विश्व के लिए हितकारी साबित होगी महाराज जी ने विशेष तौर पर यह कहा कि आने वाले समय में विज्ञान के चिकित्सा क्षेत्र में एवं गौ आधारित अर्थव्यवस्था विश्व की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा का विषय बनेगा इस शुभ अवसर पर कृष्ण कुमार अस्थाना जी ने साहित्य भेंट किया एवं विष्णु कोकजे, पुष्पेंद्र धनोतिया ओमप्रकाश प्रसारी संजय चुग, जीडी अग्रवाल गोपाल अग्रवाल महेंद्र जैन रामेश्वर असावा प्रेमेंद्र सिंगल के सी अग्रवाल हुकुमचंदजी सावला ,मेघराज जी जैन एवं समिति के अन्य सदस्य सर्वश्री की भूमिका में थे इस अवसर पर डॉक्टर मंगल मिश्र ने प्रखर संचालन किया गौ प्रेमी अरुण पांडे ने आभार माना।

## बच्चों की तरह देखभाल करना पड़ रही गर्मी में ग्रिडों की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस होने पर एक ओर जहां मनुष्य के अलावा पशु, पक्षी भी प्रभावित हो रही है, वहीं बिजली कंपनी को ग्रिडों की भी बच्चों की तरह देखभाल करना पड़ रही है। बिजली कंपनी के शहर में 115 ग्रिड है। इन ग्रिडों पर 5 मैगावाट, 8 मैगावाट क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर स्थापित है। तापमान में बाहरी गर्मी 40 डिग्री या अधिक होने से इन पावर ट्रांसफार्मर का भी तापमान, आईल का तापमान 90 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। इस कारण इनका तापमान नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। 33/11 केवी के ग्रिडों के पावर ट्रांसफार्मर के पास पंखें एवं कही कही तो कूलर भी लगाए जा रहे है, इनका तापमान 90 डिग्री सेल्सियस से उपर जाने पर आलार्म बज जाता है, ताकि समय रहते नियंत्रण के सभी उपाय कर लिए जाए। इधर तापमान नियंत्रण के साथ ही ग्रिडों की जमीन के अर्थिंग में पर्याप्त नमी के लिए भी प्रतिदिन पानी डाला जा रहा है। गर्मी में ग्रिडों पर पंखों एवं अर्थिंग के लिए पानी के माध्यम से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। शहर में मई के दूसरे सप्ताह में मांग काफी बढी है, बुधवार को इस वर्ष की सबसे ज्यादा 625 मैगावाट बिजली मांग दर्ज की गई। इस दिन आपूर्ति 1 करोड़ 32 लाख यूनिट से ज्यादा रही।

## दुर्गानगर में योग केंद्र का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** योगाचार्य वीरसिंह यादव की पहल पर संगमनगर क्षेत्र में योग परिवार द्वारा आरोग्य भारती एवं सेवा भारती संबद्ध शिशु कुंज वाटिका दुर्गा नगर में 23 वें नि:शुल्क योग केंद्र का शुभारंभ हुआ। प्रारम्भ में योग केंद्र शिशु कुंज वाटिका दुर्गा नगर में आरोग्य भारती के प्रदेश संयोजक डॉक्टर लोकेश जोशी, आरोग्य भारती योग के महानगर संयोजक वीरसिंह यादव, आरोग्य भारती योग द्वारका जिले के संयोजक प्रभाकर कोहेकर ,सेवा भारती द्वारिका जिला उपाध्यक्ष अशोक राठी, मीनू जाखोटिया, लखन यादव, जीआईएनओ के प्रदेश महासचिव बृजेश गुप्ता,दिनेश माखीजा, डॉ. आरएन मिश्रा, डॉ. टीकाराम कुशवाह, एसएन मिश्रा, ओके दुबे, केंद्र प्रभारी लखन यादव, राजेश छोलक, गोविंदसिंह गुर्जर, रमेश मोहिते, रोशनसिंह चौहान, बृजेश नागर, मीना कुमारी, अनीता नानावती, चेतन बाड़े, मोहनसिंह बेस, कचरूमाल भूतिया, पत्रकार राजेश यादव, चंपालाल गुर्जर एवं कैलाश पिपलोदिया, तथा क्षेत्र के स्वास्थ्य प्रेमियों ने भाग लिया।




# पूर्व मंत्री कमल पटेल पर एफआईआर

## कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर भी मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर एफआईआर दर्ज की गई है। राजधानी के शाहजहांनाबाद थाने में धारा 188 के तहत उन पर केस दर्ज किया गया है। वहीं हरदा में पूर्व मंत्री कमल पटेल पर मामला दर्ज किया गया है। पोते को पोलिंग बूथ पर ले जाने का उनका फोटो वायरल हुआ था।**

दरअसल प्रदेश में 7 मई को हुए तीसरे चरण के दौरान चुनाव आयोग को वोट डालते वक्त वीडियो बनाने, बच्चों को मतदान केंद्र के अंदर ले जाकर वोट डालने जैसी शिकायतें मिली थीं।



### बेटे ने शेयर किया था पोलिंग बूथ का वीडियो

भोपाल मध्य विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के नाबालिग बेटे ने पोलिंग बूथ का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसमें वह पिता के साथ बूथ के अंदर जाता दिख रहा है। वीडियो 7 मई को उस वक्त का है, जब भोपाल लोकसभा सीट के लिए मतदान किया जा रहा था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद गुरुवार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। शिकायत में कहा कि विधायक अपने नाबालिग बेटे को लेकर पोलिंग बूथ के भीतर गए।

### कमल पटेल का पोते के साथ वोट डालते फोटो वायरल

हरदा में 7 मई को तीसरे चरण की वोटिंग के दौरान नाबालिग पोते को पोलिंग बूथ पर ले जाने और फोटो क्लिक कराने के मामले में रविवार को सिटी कोतवाली में पूर्व मंत्री कमल पटेल समेत तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुमार शानू देवड़िया की शिकायत पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 128, 130, 131 एवं भादवि 188 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि इस प्रकरण में केंद्र की बीएलओ और करताना के सरकारी स्कूल में पदस्थ शिक्षिका शर्मिला पाटिल को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, सेक्टर अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ कार्यालय को लिखा गया है। इसके साथ ही मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस कर्मचारी और संबंधित सेक्टर के पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी हरदा एसपी को लिखा गया है।

बता दें कि मतदान के चार दिनों बाद शनिवार शाम को कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओम पटेल और संजय जैन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से पूर्व मंत्री कमल पटेल के आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की गई थी। जबकि इसके पहले किसान कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार सिरोही ने प्रदेश में भाजपा नेताओं के बेटे और पोते के साथ मतदान केंद्र पर जाने को लेकर जांच की मांग की गई थी। वहीं चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर सवाल खड़े किए थे।

### राजपूत पर की कार्रवाई की मांग

कमल पटेल के बाद अब पोलिंग बूथ के अंदर फोटोग्राफी कराने पर कांग्रेस ने मंत्री गोविंद राजपूत को घेरा। कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा-जब मतदान केंद्रों के भीतर किसी भी मतदाता का मोबाइल फोन अंदर ले जाना वर्जित है, तो प्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की यह फोटो कैसे बाहर प्रकट हुई। क्या सीईओ मप्र इलेक्शन संबंधित मतदान केंद्र पर उपलब्ध सीसीटीवी के आधार पर जांच कराकर मंत्री और पीठासीन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार 4 की मौत

## मृतकों के परिजन का आरोप- सरपंच पति ने हत्या की; एक दिन पहले हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ। झाबुआ में स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक घायल ने दाहोद (गुजरात) के अस्पताल में रविवार सुबह दम तोड़ा। हादसा राणापुर में कुंदनपुर पुलिस चौकी के पास कालिया कोटड़ी में शनिवार देर रात हुआ।**

मृतकों के परिजन का आरोप है कि कुशलपुरा सरपंच के पति राकेश डामोर ने जानबूझकर बाइक को टक्कर मारी है। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले गांव में दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। राकेश डामोर का परिवार भाजपा से जुड़ा है। कांग्रेस कार्यकर्ता राकेश डामोर के खिलाफ गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाए। गांव बुचा डूंगरी में तनाव देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

### पुलिस बोली- पीएम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई होगी

राणापुर थाना प्रभारी शंकर सिंह रघुवंशी ने बताया, कालू मेडा (30), वसना डामोर (65) और उसके बेटे अरविन्द (25) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायल कमल मेडा (37) को दाहोद के अस्पताल ले जाया गया। उसने रविवार सुबह अपना दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमॉर्टम राणापुर शासकीय अस्पताल में कराया गया है। मामले की जांच की रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# 3 महीने के झुलसे बेटे को ग्वालियर स्टेशन पर छोड़ा

## 7 और 8 साल की बहनें बोलीं- मम्मी छोड़कर चली गईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में 3 बच्चे मिले हैं। 2 बच्चियों की उम्र 7 और 8 साल है, बच्चा सिर्फ 3 महीने का है। लड़के के सिर और पेट पर जलने के निशान हैं। उसे कमला राजा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चियों का कहना है कि वे भाई-बहन हैं। उन्हें उनकी मां स्टेशन पर छोड़ गई। बच्चियों ने अपना नाम तो बताया, लेकिन मां-पिता के नाम और घर के पते के बारे में कुछ नहीं बता पा रही हैं।

मदर्स डे से ठीक एक दिन पहले शनिवार रात तीनों बच्चे रेलवे स्टेशन पर बुकिंग काउंटर के पास बैठे मिले। यात्रियों ने काफी देर से इन्हें अकेले बैठे देखा, तब आरपीएफ (रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स) को सूचना दी। दोनों बच्चियों को महिला बाल विकास विभाग की मदद से मां कैला देवी बालिका गृह समिति के सुपुर्द किया गया है।

### धौलपुर के हो सकते हैं बच्चे

आरपीएफ के अफसरों का मानना है कि पूछताछ में पता चला है कि बच्चे संभवत धौलपुर की तरफ से अपने माता-पिता के साथ ग्वालियर आए होंगे। स्टेशन के आसपास ऑटो चलाने वाले ड्राइवरों ने आरपीएफ को बताया है कि उन्होंने बच्चों को महिला-पुरुष के साथ देखा था। आरपीएफ के इंस्पेक्टर संजय आर्या का कहना है कि हम प्रयास कर रहे हैं कि इन बच्चों की मां को खोजकर इनको उन्हें सौंप दें।

# पारदी की गोली मारकर हत्या, जिला अस्पताल में हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना धरनावदा क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजे की है। मृतक का नाम मोहन पारदी है। वह बीलाखेड़ी गांव का रहने वाला था। उसके शव को अस्पताल लाया गया। यहां बड़ी संख्या में पहुंची पारदी समुदाय की महिलाएं हंगामा कर रही हैं। पिछले दो महीने से पारदी समुदाय के दो गुटों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। डेढ़ महीने पहले एक पार्टी के धर्मपाल पारदी की हत्या दूसरे गुट ने कर दी थी। इसके बाद शुक्रवार को ही उसी गुट की जल पुरी बाई पारदी का शव कुशमौदा इलाके में फंदे पर मिला था। अब दूसरे गुट के व्यक्ति की हत्या हो गई है। मोहन पारदी की हत्या का आरोप धर्मपाल पारदी से संबंधित गुट पर है।

## महिला थानेदार का ऑडियो, बोलीं-

# नेताओं की ऐसी की तैसी

## पिता पर एफआईआर कराने आए युवक से कहा- सामने आया तो दो जूते मारूंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**रीवा।** रीवा के चाकघाट थाने की प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी का कथित ऑडियो सामने आया है। वे फरियादी से कह रही हैं, ह्यतेरे नेताओं की ऐसी की तैसी... तू सुन ले अच्छे से और रिकॉर्ड भी कर ले....मुझ कोई फर्क नहीं पड़ता राजनीतिक दबाव का... फालतू की बकवास न कर... तेरे बाप ने तुझे एक जूता मारा था, तू आएगा मेरे सामने दो जूते मैं मारूंगी तुझे...।

फरियादी अपने पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराना चाहता था। ऑडियो पर उषा सिंह सोमवंशी का कहना है कि इसे काट-छांट कर उनकी छवि धूमिल करने के लिए गलत ढंग से पेश किया गया है।

### टीआई बोलीं- पिता पर प्रॉपर्टी के लिए प्रेशर डालते हैं बेटे

महिला टीआई ने कहा, ह्यपड़री गांव का अभय द्विवेदी, पिता के खिलाफ 8 मई की रात शिकायत करने थाने आया था। उसका कहना था कि पिता ने उसे पीटा है। लेकिन, मारपीट इतनी ज्यादा नहीं थी। मुंशी ने एनसीआर (नॉन कॉग्निजेबल रिपोर्ट) काटकर उन्हें दे दी थी। जब हमने गांव में पता किया था दोनों भाइयों का कूलर में पानी डालने को लेकर विवाद हुआ था।

इनके पिता प्रधान आरक्षक कामता प्रसाद द्विवेदी कवर्धा (छत्तीसगढ़) में नक्सलाइड इलाके में पदस्थ हैं। बहुत ही तनावपूर्ण स्थितियों में वहां ड्यूटी करते हैं। इनके दोनों बेटे अभय और रोहन अक्सर जमीन-जायदाद को लेकर लड़ाई-झगड़ा करते हैं। पिता पर जमीन-जायदाद अपने नाम कराने के लिए प्रेशर डालते हैं।

### पिता बोले- बेटे मुझसे अनाप-शनाप पैसा मांगते हैं

उधर, कामता प्रसाद द्विवेदी ने बेटों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। वे छुट्टी पर घर आए हुए हैं। उन्होंने कहा, ह्यसच्चाई यह है कि बेटे आए दिन नशा करते हैं। मेरे से अनाप-शनाप पैसा मांगते हैं। उस दिन दोनों भाई आपस में झगड़े थे। दोनों को मैंने अलग किया था।

### मुझे 5 - 6 लोगों ने पीटा, पुलिस ने अधूरा मेडिकल कराया

फरियादी अभय द्विवेदी का आरोप है, ह्यमेरे साथ मारपीट की गई थी। रात 2 बजे तक थाने में बैठा रहा, एफआईआर नहीं लिखी गई, एनसीआर काटकर वापस भेज दिय गया। मेडिकल भी अधूरा कराया गया। मैं काफी चोटिल था, 5 - 6 लोगों ने मेरे साथ मारपीट की थी। जब कार्रवाई नहीं होने पर मैंने थाना प्रभारी उषा को फोन लगाया तो उन्होंने गलत भाषा का प्रयोग किया।

# कैंची से की लिव-इन में रह रही महिला की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी।** रविवार की सुबह लगभग 8 बजकर 40 मिनट पर नर्मदागंज में लिव इन में रह रही महिला की उसके साथी ने कैंची से मार-मार कर हत्या कर दी। पड़ोसन बचाने पहुंची तो उसे भी धमकाया और आरोपी फरार हो गया। पड़ोसन ने नीचे जाकर लोगों को बताया। इसके बाद घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घेराबंदी कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

मृतिका उमा के भाई मोहन सिंह ने बताया कि आठ साल पहले मृतिका की शादी घनाघाट के राजू से हुई थी। आरोपी मनु दुवार्सा का घर हमारे बगल में ही था। दोनों के बीच कब से संबंध थे पता नहीं। उमा अपने ससुराल से भागकर मनु के साथ कंचनपुर गांव में रहने लगी थी। तीन चार साल तो दोनों के बीच सब ठीक चल रहा था। मनु शराब पीने लगा तो दोनों अलग अलग रहने लगे। उमा के भाई ने बताया कि चार साल पहले ही वह डिंडोरी में आकर किराए के मकान में रहकर सिलाई का काम करती थी। दोनों के कोई बच्चे नहीं थे। हमने भी उससे रिश्ता ही तोड़ लिए था। रविवार पता चला तो आए हैं। मनु शराबी था वह कुकर्रामठ गांव में ही रहता था।

## संपादकीय

### हर जगह मिलावट...


खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी। मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसेंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है। मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें।

यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा। कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*तेरी महफ़िल से उठाता*
*ग़ैर मुझ को क्या मजाल*
*देखता था मैं कि तू ने भी*
*इशारा कर दिया*

*- हसरत मोहानी*




**आप जिस भी चीज से बचने की कोशिश करते हैं वही आपकी चेतना का आधार बन जाती है।**

**- जग्गी वासुदेव**

**सैर सपाटा**

# किस उम्र में कर सकते हैं रिवर राफ्टिंग

## जानिए ऋषिकेश में कौन सा ट्रैक है बेस्ट



**गर्मी जैसे-जैसे बढ़ने लगती है, वैसे ही एड्वेंचर के शौकीन लोग वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी का आनंद लेने के लिए निकल जाते हैं। इस दौरान लोग रिवर राफ्टिंग करना काफी पसंद करते हैं। खासकर जो लोग दिल्ली में रहते हैं वह वीकेंड्स पर अक्सर ऋषिकेश ट्रिप पर निकल जाते हैं और यहां पर रिवर राफ्टिंग का मजा लेते हैं। हालांकि, जो पहली बार रिवर राफ्टिंग करने के लिए जाता है उनके मन में कई तरह के सवाल रहते हैं जैसे किस उम्र से इस एक्टिविटी का मजा ले सकते हैं, या फिर ऋषिकेश में राफ्टिंग के लिए कौन सा ट्रैक अच्छा है वगैराह। ऐसे में यहां जानिए ऋषिकेश में राफ्टिंग से जुड़े सवालों के जवाब-**

### ऋषिकेश में कौन सी रिवर राफ्टिंग सबसे अच्छी है?

ऋषिकेश में ब्रह्मपुरी से ऋषिकेश रिवर राफ्टिंग को सबसे अच्छा माना जाता है। ऋषिकेश में ये सबसे पसंदीदा ट्रैक है। हालांकि, ये ट्रैक बहुत चुनौतीपूर्ण नहीं है। इसकी लंबाई लगभग 9 किमी है, जिसको पूरा करने में लगभग 1.5 घंटे का समय लगता है। यहां से राफ्टिंग की लागत लगभग 450 रुपये हैं। अगर आप पहली बाप राफ्टिंग कर रहे हैं तो इस ट्रैक को चुनें। अगर पहले की है और चुनौतीपूर्ण ट्रैक देख रहे हैं तो शिवपुरी या मरीन ड्राइव से राफ्टिंग करें।

### रिवर राफ्टिंग के लिए के कम से कम उम्र क्या होनी चाहिए?

रिपोर्ट्स की मानें तो आठ वर्ष से ज्यादा उम्र के सभी लोग राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। अपनी उम्र के अनुसार राफ्टिंग ट्रैक को चुनाव करना हमेशा सही होता है। ज्यादा रैपिड्स वाले ट्रैक में 8 से 12 वर्ष और 60 से 65 वर्ष की उम्र के लोगों को अनुमति नहीं है।

### क्या रिवर राफ्टिंग बिना स्वीमिंग जानने वालों के लिए सही है?

अगर स्वीमिंग आती है तो बेहतर है। हालांकि, वॉटर राफ्टिंग के दौरान हर कोई स्वीमर नहीं होता। राफ्टिंग लाइफ जैकेट पहनकर की जाती है। वहीं इसे शुरू करने से पहले आपको पूरी जानकारी मिलती है कि कुछ समस्या आए तो उससे कैसे निपटना है।

Karnataka

# 'मेरी मां के साथ रेप किया, मेरे कपड़े उतरवाए और...', प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल की पीड़िता की आपबीती

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल केस की एक पीड़िता ने आगे आकर जेडीएस से सस्पेंड नेता प्रज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उसने कहा कि प्रज्वल ने चार से पांच साल पहले अपने बेंगलुरु स्थित आवास पर उसकी मां के साथ रेप किया था. मेरा भी यौन शोषण किया था. विशेष जांच दल (एसआईटी) के सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित युवती की पहचान गुप्त रखी गई है. उसने घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोपी प्रज्वल के खिलाफ विस्तृत बयान दर्ज कराए हैं.



युवती ने यह भी आरोप लगाया कि 2020 और 2021 के बीच प्रज्वल रेवन्ना ने उसे वीडियो कॉल का जवाब देने के लिए मजबूर किया. साथ ही उसे और उसकी मां को धमकी दी और उसे वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया. इसके अलावा उसने प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना पर भी गंभीर आरोप लगाए.

सूत्रों के मुताबिक पीड़िता ने एसआईटी को बताया, 'वह (प्रज्वल) मुझे फोन करता था और अपने कपड़े उतारने के लिए कहता था. वह मेरी मां के मोबाइल पर फोन करता था और मुझे वीडियो कॉल उठाने के लिए मजबूर करता था. जब मैंने इनकार कर दिया तो उसने मुझे और मेरी मां को धमकी दी. जब हमारे परिवार को इस सबके बारे में पता चला तो उन्होंने हमारा साथ दिया और तब हमने शिकायत दर्ज कराई.'

पीड़िता ने आरोप लगाया कि उत्पीड़न के बारे में हमें किसी को ना बताने की धमकी दी गई थी.

Andhra Pradesh

## वोट के बदले नोट तो दो, रुपये नहीं मिलने पर प्रदर्शन; इस राज्य में बिगड़े हालात

**विजयवाड़ा, (एजेंसी) आंध्र प्रदेश में लोकसभा की 25 और विधानसभा की 175 सीटों के लिए मंगलवार को मतदान होना है। खबर है कि राज्य में कई स्थानों पर इससे पहले ही विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं, जिसकी वजह वोट के बदले नोट नहीं मिलना बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि जनता वादा की गई रकम नहीं मिलने के कारण नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।**

टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में यह मुद्दा नया नहीं है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अलग-अलग विधानसभा और लोकसभा क्षेत्रों में वोट के बदले नोट की रकम 1 हजार रुपये से लेकर 6 हजार रुपये तक है। राज्य में शनिवार को ही प्रचार खत्म हो चुका है, लेकिन रुपये बांटने का दौर कुछ स्थानों पर जारी रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, पलनाडु के सत्तनपल्ली में 18वें वार्ड में मतदाताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका दावा था कि वोट के बदले नोट देने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक रुपये नहीं मिले हैं। पीठापुरम में भी एक प्रत्याशी के कार्यालय के बाहर मतदातों ने जमकर नारेबाजी की। खबर है कि पार्टी समर्थकों ने कथित तौर पर हर वोट के लिए 5 हजार रुपये का वादा किया था, लेकिन कुछ महिलाओं को रुपये नहीं मिले।

कहा जा रहा है कि ओंगोल में भी कथित तौर पर एक वोट के लिए 5 हजार रुपये बांटे गए। यहां रुपये मिलने से छूट गए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी गोदावरी जिले के कोंडेवरम गांव में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किए। अखबार से बातचीत में एक शख्स ने बताया है कि विजयवाड़ा के विधायक उम्मीदवार ने करीबी सहयोगी को कॉर्पोरेटर के दफ्तर भेजा है, जहां वोट के बदले 1 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

Hyderabad

## चलती हुई बुलेट का फ्यूल टैंक फटा, हैदराबाद में 10 लोग जख्मी

**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के हैदराबाद में एक चलती बुलट में विस्फोट होने से बड़ा हादसा हो गया. घटना में कई लोगों के घायल होने की खबर है. हैदराबाद भवानीनगर पुलिस स्टेशन इलाके में वोल्टा




होटल के पास एक चलती हुई बुलेट बाइक में विस्फोट हो गया, जिसके बाद बड़ा हादसा हो गया. अकबर फंक्शन हॉल के पास बुलेट बाइक का ईंधन टैंक फटने के बाद विस्फोट हो गया और इस दौरान कथित तौर पर दस लोग झुलस गए. हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए प्रिंसेस एसरा हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया. रोड पर बाइक में विस्फोट के बाद हुए हादसे की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली, मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे. इसके अलावा दमकल गाड़ियां भी हादसे की जगह पहुंचीं और ऑपरेशन शुरू किया गया.

New Delhi

## देश के ज्यादातर हिस्सों में 16 तक भारी बारिश की चेतावनी; पूर्वी व दक्षिणी भारत में बिगड़ा मौसम

**नई दिल्ली, (एजेंसी) देश के पूर्वी, मध्य और दक्षिण भाग में मौसम का मिजाज एक बार फिर बिगड़ गया है। पश्चिम बंगाल के उप हिमालयी क्षेत्रों, बिहार, झारखंड, पश्चिम मध्य प्रदेश समेत आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु तक में पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। कई जगहों पर आंधी और तूफान का असर देखा गया है।**

पूर्वी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली और कई जगहों पर ओले भी गिरे हैं। मौसम विभाग ने कहा कि इन राज्यों के अधिकतर इलाकों में अभी 16 मई तक ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान है। साथ ही बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा हुई। इस दौरान झारखंड, पश्चिमी मध्य प्रदेश और मध्य महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में ओलावृष्टि दर्ज की गई। बिहार और झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, गंगेय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पूर्वी उत्तर प्रदेश, गुजरात क्षेत्र, मराठवाड़ा, तेलंगाना के कई क्षेत्रों में गरज के साथ बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। आईएमडी के मुताबिक, वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है।

खेल

# बेंगलुरु ने लगातार पांचवां मैच जीता

### रजत पाटीदार के तूफानी अर्धशतक के बाद यश दयाल ने झटके तीन विकेट

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** आईपीएल 2024 के 62वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया है। यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत रही। टीम अभी भी प्लेऑफ की रेस में बरकरार है। उसके 13 मैचों के बाद छह जीत और सात हार के साथ 12 अंक हैं। दिल्ली पर जीत के साथ टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। बेंगलुरु को आखिरी मैच 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चिन्नास्वामी में ही खेलना है। इस मैच पर दोनों ही टीमों की किस्मत निर्भर होगी। चेन्नई की जीत पर आरसीबी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। वहीं, अगर बेंगलुरु जीतती है तो उसे अच्छें अंतर से जीत हासिल करनी होगी, ताकि नेट रन रेट चेन्नई से बेहतर हो सके। इसके बाद भी बेंगलुरु को अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।






बेंगलुरु-दिल्ली और लखनऊ तीनों के 12-12 अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक 11 मैच ही खेला है और यह टीम 16 अंक तक पहुंच सकती है। वहीं, दिल्ली और बेंगलुरु के 13-13 मैच हो चुके हैं। इस हार से दिल्ली भी अब अधिकतम 14 अंक तक ही पहुंच सकती है। हालांकि, इसके लिए उन्हें 14 मई को अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता की टीम 18 अंक लेकर पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। वहीं, राजस्थान 12 मैचों में 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं, जबकि सनराइजर्स की टीम 12 मैचों में 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 187 रन बनाए थे। रजत पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन और विल जैक्स ने 29 गेंद में 41 रन की पारी खेली थी। विराट कोहली ने 27 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। ऋषभ पंत की जगह मैच में कप्तानी कर रहे अक्षर पटेल ने 39 गेंद में 57 रन बनाए। यश दयाल ने तीन और लोकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट झटके।

#### बेंगलुरु की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 187 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। कप्तान फाफ डुप्लेसिस एक बार फिर खराब फॉर्म में दिखे। वह छह रन बनाकर मुकेश कुमार का शिकार बने। इसके बाद विराट ने ईशांत शर्मा की गेंद पर कुछ बड़े शॉट खेले, लेकिन भारत के इस दिग्गज गेंदबाज ने विराट को विकेटकीपर अभिषेक पोरेल के हाथों कैच कराकर बेंगलुरु को दूसरा झटका दिया। विराट 13 गेंद में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## कंगना ने की हिंदू राष्ट्र की पैरवी, बोलीं- 1947 में जब धर्म के आधार पर PAK बना तो भारत को क्यों नहीं बनाया हिंदू राष्ट्र




बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उम्मीदवार कंगना रनौत ने हिंदू राष्ट्र को लेकर बड़ा बयान दिया है. कंगना रनौत ने कुल्लू में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि 1947 में जब धर्म के आधार पर पाकिस्तान बनाया था तो उस समय भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित क्यों नहीं किया गया? कंगना ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री युग पुरुष हैं. हमारे पूर्वजों ने मुगलों की गुलामी देखी है, उसके बाद अंग्रेजों की गुलामी देखी और फिर कांग्रेस का ये कुशासन देखा. लेकिन हमें 2014 में सही मायने में आजादी मिली. हमें स्वतंत्रता मिली. सोचने की स्वतंत्रता, सनातन की स्वतंत्रता, अपना धर्म बनाने की स्वतंत्रता, इस देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की स्वतंत्रता. जब 1947 में आपने धर्म के आधार पर पाकिस्तान को इस्लामिक राष्ट्र बना दिया था तो भारत को हिंदू राष्ट्र क्यों नहीं बनाया? इसे हम हिंदू राष्ट्र बनाएंगे.

## Highlights

1. **Prajwal sexual abuse case won't affect BJP-JD(S): Yediyurappa**
2. **Why the right dinner is crucial for a good night's sleep?**
3. **'Savukku' Shankar's arrest: Strong message to govt critics in TN?**
4. **Uttarakhand CM Pushkar Singh Dhami plays cricket at Juhu Beach**
5. **No security for people's land, says Chandrababu Naidu**
6. **Indian-origin man arrested for role in biggest gold heist in Canada**
7. **Jaipur schools get bomb threats via email, students evacuated**

# AI users doubled in last six months, now used by 75% of global knowledge workers: Report



**NEW DEIHI, (Agency).** The number of people using AI has nearly doubled in the last six months and around 75 per cent of global knowledge workers are using AI at workplaces, according to "2024 Work Trend Index Annual Report" by Microsoft and LinkedIn.

The report highlights the increasing reliance on personal AI tools by employees, who are grappling with the overwhelming pace and volume of work.

However, while leaders recognize the importance of AI for business, many feel their organizations lack a clear strategy to effectively leverage AI to drive bottom-line results.

The pressure to demonstrate immediate return on investment is also causing some leaders to hesitate, despite the inevitability of AI integration.

The survey in the report highlights that 90 per cent of AI users stated it helped them save time, 85 per cent were able to focus on their most crucial tasks, 84 per cent of AI users felt more creative, and 83 percent enjoyed their work more after using the AI.

In terms of the company leaders around 79 per cent agree that AI adoption is necessary for competitiveness, 59 per cent express concerns about quantifying its productivity gains.

Interestingly, AI users are no longer limited to younger generations or tech enthusiasts, with employees across all age groups embracing AI tools. The survey of the workforce in knowledge-based work indicates that Gen Z (age group- 18-28) leads with 85 per cent usage, followed by Millennials (age group 29-43) at 78 per cent, and Gen X (age group 44-57) at 76 per cent.

The survey shows that even older people have adopted AI and using the tool according to their requirements.

Despite concerns about AI and job displacement, the report offers a nuanced perspective. While 45 per cent of employees worry about AI replacing their jobs, an almost equal share (46 per cent) are considering quitting jobs as they are getting better opportunities.

Additionally, LinkedIn studies in the US indicate a 14 per cent increase in job applications per role since last fall, with 85 per cent of professionals contemplating a job change this year.

# Vast coin collection of Danish magnate is going on sale a century after his death

**COPENHAGEN, Denmark, (Agency).** The vast coin collection of a Danish butter magnate is set to finally go on sale a century after his death, and could fetch up to $72 million.

Lars Emil Bruun, also known as L.E. Bruun, stipulated in his will that his 20,000-piece collection be safeguarded for 100 years before being sold. Deeply moved by the devastation of World War I, he wanted the collection to be a reserve for Denmark, fearing another war.

Now, over a century since Bruun's death at the age of 71 in 1923, New York-




based Stack's Bowers, a rare coin auction house, will begin auctioning the collection this fall, with several sales planned over the coming years.

On its website the auction house calls it the "most valuable collection of world coins to ever come to market." The collection's existence has been known of in Denmark but not widely, and it has has never been seen by the public before.

"When I first heard about the collection, I was in disbelief," said Vicken Yegparian, vice president of numismatics at Stack's Bowers Galleries.

"We've had collections that have been off the market for 100 years plus," he said. "But they're extremely well known internationally. This one has been the best open secret ever."




# लेब्रोटरी कर्मचारी को आया हार्ट अटैक

## 22 साल के युवक की मोबाइल चलाते हुए बिगड़ी तबीयत, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 22 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। रात में उसके सीने में अचानक दर्द हुआ। पिता से कहां कि तेल से मालिश कर दे। लेकिन जब हालत नही सुधरी तो उसने एमवाय लेकर पहुंचे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक भारत सिंह(22)पिता लक्ष्मण सिंह निवासी न्यू दुर्गा नगर को रविवार रात 2 बजे एमवाय अस्पताल लेकर आया गया। यहां डॉक्टरो ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता लक्ष्मण ने बताया कि रात में वह मोबाइल चला रहा था। उसके सीने में अचानक दर्द हुआ। इसके बाद उसने कहां कि पिता तेल से मालिश कर दो। लेकिन कुछ देर बाद उसकी हालत में सुधार नही हुआ तो वह सीधे अस्पताल लेकर आए।

परिवार के लोगो ने बताया कि वह दोस्त के यहां शादी में गया था। 12 बजे करीब वापस आया। इसके बाद अपने चचेरे भाई जितेन्द्र के पास लेटकर मोबाइल चला रहा था। तभी उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई।

### इकलौता बेटा, अगले साल थी शादी

पिता लक्ष्मण के मुताबिक भारत उनका इकलौता बेटा है। उनकी एक बेटी है। वह स्कूल ड्रायवर है। परिवार मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। यहां बेटा बेटी दोनों की शादी पक्की कर दी थी। अगले साल दोनों की शादी थी। भारत इप्का लेब्रोट्री में काम करता था।

### कांच कारीगर को भी हुई घबराहट, मौत

बाणगंगा के महेश यादव नगर में रहने वाले महेन्द्र (45) पुत्र चंद्रपाल सिंह गौतम निवासी महेश यादव नगर की भी संदिग्ध परिस्थती में मौत हो गई। रिश्तेदार प्रतिक ने बताया कि महेन्द्र शाम को काम से आए ओर उन्होंने पत्नी को खाना बनाने के लिये कहां। इसके बाद वह लेट गए। उन्हें घबराहट हुई ओर वह बिस्तर पर ही अचेत हो गए। उनहें अस्पताल लेकर आया गया। यहां डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरो के मुताबिक हार्ट अटैक के चलते मौत का कारण सामने आ रहा है। तीन चार दिन पहले भी उनहें घबराहट हुई थी। उनके दो बेटे है। वह कांच कारीगरी का काम करते थे।

# शादी के आठ दिन बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

## एक दिन पहले ही पति मायके से घर लेकर पहुंचा था, पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में आठ दिन पहले ब्याह कर आई एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। बताया जाता है कि उसके हाथ पैर में सूजन आ रही थी। रविवार को उसे उल्टियां होने लगी। पति ने पत्नी की दादी को कॉल कर बुलाया। वे उसे निजी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरो ने एमवाय भेज दिया। कुछ देर बाद यहां उसने दम तोड़ दिया।**

पुलिस के मुताबिक सलोनी (18) पति विकास मंडलोई निवासी गुरुशंकर नगर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक सलोनी की 6 मई को शादी हुई थी। तब उसे बुखार था। शादी के दो दिन बाद उसे पति बड़े गणपति में मायके में रस्म के चलते छोड़ गया। शनिवार को मायके में पति विकास वापस लेने आया। इसके बाद सलोनी की रविवार दोपहर 1 बजे वापस तबीयत खराब हो गई।

### पति का कॉल आया, तो लेने पहुंचे

दादी सुभद्रा ने बताया कि रविवार दोपहर विकास ने कॉल कर बताया कि उसके चेहरे और हाथ पैर में सूजन आ गई है। घबराहट भी हो रही है। इसके बाद भाई उसे लेने पहुंचा। मरी माता चौराहे पर सलोनी की तबीयत और बिगड़ गई। तब उसे वहीं के नजदीक के एक क्लिनिक में डॉक्टर को दिखा दिया। उन्होंने एमवाय अस्पताल ले जाने को कहा। भाई उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने उपचार करने के कुछ ही देर में बताया कि सलोनी की मौत हो गई।

### खरगोन का रहने वाला है परिवार

परिवार के मुताबिक सलोनी के परिवार में उसके माता-पिता और भाई व एक बड़ी बहन है। उसकी शादी हो चुकी है। सलोनी के लिए रिश्ता उसकी दादी सुभद्रा ने ही अपने परिवार में ढूंढा था। उसका पति मजदूरी करता है। पुलिस के मुताबिक अभी मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पूरी जानकारी सामने आएगी।

# युवक की गोली मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आजाद नगर में रविवार में रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को अस्पताल भेजा। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी आरिफ खिलजी ने मोईन खान को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मोईन के भाई ने प्रेम विवाह किया था, जिस वजह से इस तरह के विवाद की स्थिति बनी थी। गोलीकांड के बाद जब युवक का शव एमवाय अस्पताल लाया गया तो युवक के स्वजन ने हंगामा किया। आरोपी ने मोईन को गोली मारने की धमकी दी थी। स्वजन ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि पुलिस थाने वाले आरोपितों को चाय पिलाते और छोड़ देते हैं। इस लापरवाही ने मेरे जवान बच्चे को मार डाला। उल्लेखनीय है कि 24 घंटे में शहर में हत्या का यह दूसरा मामला हुआ।

# कचरे ने कराया झगड़ा

## दो पक्षों में मारपीट, दोनों पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। घर के सामने कचरा फेंकने की बात को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया और नौबत मारपीट तक पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्ष पर केस दर्ज किया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक विवाद मल्हारगंज मेन रोड पर हुआ। फरियादी काजोल कसेरा की रिपोर्ट पर आरोपी रंजना कसेरा और अमर कसेरा पर केस दर्ज किया गया. फरियादी ने बताया कि पड़ोसी रंजना ने हमारे घर के गेट के सामने कचरा फेंक दिया था। मैंने बोला कि कचरा क्यों फेका तो रंजना का लड़का अमर भी आ गया। दोनों ने गालियां दी और झूमाझटकी कर जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष से फरियादी रंजना कसेरा की रिपोर्ट पर आरोपी पूनम कसेरा,सुशील,काजल कसेरा और प पी कसेरा पर केस दर्ज किया गया। इनका भी आरोप है कि पड़ोसी ने कचरा फेंकने की बात को लेकर गालियां दी और जान से खत्म करने की धमकी दी।

# ससुराल वालों ने सताया, पुलिस ने दर्ज किया केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति और ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि ससुराल वाले मेरी हाइट कम होने और रंग सांवला होने के चलते ताने मारते थे। पुलिस अब इस मामले में जांच कर रही है। एमआईजी पुलिस के मुताबिक नामली (रतलाम) निवासी पीडिता की शिकायत पर उसके पति धरमपाल सिंह पंवार निवासी पाटनीपुरा, ससुर भंवरलाल और सास विलव कंवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने वन स्टॉप सेंटर पर शिकायत की थी। उसने अपनी हाइट कम होने, रंग सांवला होने और ब'चे नहीं होने को लेकर तानाकशी की शिकायत की है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि जनवरी 2017 में उसकी शादी इंदौर में हुई थी। इसके बाद कम दहेज लाने और दहेज में कार नहीं लाने को लेकर उन्होंने परेशान किया। पति आए दिन क्रूरता करते हुए शारीरिक और मानसिक पीड़ा दे रहे हैं। परिवार के लोगों को कई बार समझाने की कोशिश की तो पति ने सुसाइड का डर दिखाकर तलाक के पेपर साइन करवा लिए। लेकिन अब दूसरी शादी को लेकर पति लगातार धमकियां दे रहा है। पीडिता ने अपनी शिकायत में ससुराल के अन्य सदस्यों के नाम भी लिखवाए हैं। पुलिस ने उन्हें भी जांच में शामिल किया है।

**दहेज में पांच लाख की मांग-** उधर, खजराना पुलिस ने निकिता पुरोहित की शिकायत पर पति अक्षय पुरोहित, सास चंदा और ननंद अक्षिता निवासी शिव बाग कॉलोनी पर केस दर्ज किया है। पीडिता के मुताबिक आरोपी 5 लाख रुपए दहेज लाने के नाम पर प्रताडित कर रहे थे। उसकी शादी को एक साल हो गया। लेकिन आए दिन शराब पीकर मारपीट करते हैं।

# युवती को मारी टक्कर, पिता को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तेज गति से बाइक चला रहे चालक ने पैदल जा रही युवती को टक्कर मार दी। जब उसके पिता ने आरोपी से गाड़ी देखकर चालने को कहा तो उसने पिता के साथ मारपीट कर दी। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक घायल युवती का नाम चंद्रकांता आलसे निवासी पीलिया खाल बड़ा गणपति है। उसकी रिपोर्ट पर बाइक चालक पवन पिता भोला के खिलाफ केस दर्ज किया गया। हादसा सुपारी कारखाने के पास पीलिया खाल में हुआ। युवती ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर से पैदल रोड पर जा रही थी और कुछ दूर खड़ी हुई थी। तभी आरोपी बाइक चालक तेज गति से वाहन चलाकर लाया और पीछे से मुझे टक्कर मार दी। इससे मैं रोड पर नीचे गिर गई और चोट आई। उसी दौरान मेरे पिताजी वंहा पर आए और उन्होंने आरोपी को बोला कि अपनी गाड़ी देखकर चलाया करो। इस पर उसने पिताजी को धक्का देकर गिरा दिया और मारपीट की।

# यहां महिला ने एसिडी पीकर की खुदकुशी

इंदौर। परदेशीपुरा में रहने वाली बुजुर्ग महिला ने सुसाइड कर लिया। पुलिस को परिवार ने बताया कि उसने गलती से एसिड पी लिया था। पुलिस के मुताबिक महिला का नाम इंदु पति छगन निवासी नंदानगर है। महिला को परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे थे। यहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वहीं लसूडि ?ा इलाके में भी &5 साल की एक महिला का शव पुलिस को पड़ा मिला है। उसे पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा गया। महिला की शिना त नहीं हुई है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक